स्मार्ट सिटी का दर्जा

***61 श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) राज्य में उन शहरों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें वर्ष 2014 से 2023 तक सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी का दर्जा दिया गया है;

ख) राज्य के सभी शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा प्रति वर्ष कितनी राशि आवंटित की गई है; तथा

ग) वर्तमान में प्रत्येक स्मार्ट सिटी पर कितनी राशि खर्च की गई तथा कितनी राशि शेष है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

डॉ0 कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

श्रीमान जी, विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

तारांकित प्रश्न संख्या *61/फरवरी 2024, का विवरण

क) फरीदाबाद व करनाल दो शहरों को भारत सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्मार्ट सिटी का दर्जा दिया गया है।

ख) केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दोनों शहरों को आवंटित राशि का वर्ष अनुसार विवरण निम्नानुसार है:

फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड (₹ करोड़ में)				
क्र0सं0	वर्ष	केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई राशि	राज्य सरकार द्वारा जारी की गई राशि	कुल प्राप्त राशि
1.	2015-16	2.00	-	2.00
2.	2016-17	92.00	92.00	184.00
3.	2017-18	102.00	102.00	204.00
4.	2018-19	-	-	-
5.	2019-20	-	-	-
6.	2020-21	98.00	100.00	198.00
7.	2021-22	-	-	-
8.	2022-23	98.00	98.00	196.00
9.	2023-24	24.50	24.50	49.00
कुल जोड़		416.50	416.50	833.00

करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड (₹ करोड़ में)				
क्र0सं0	वर्ष	केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई राशि	राज्य सरकार द्वारा जारी की गई राशि	कुल प्राप्त राशि
1.	2015-16	2.00	-	2.00
2.	2018-19	51.00	50.00	101.00
3.	2019-20	7.00	-	7.00
4.	2020-21	68.00	78.00	146.00

5.	2021-22	68.00	68.00	136.00
6.	2022-23	147.00	98.00	245.00
7.	2023-24	36.75	85.75	122.50
कुल जोड़		379.75	379.75	759.50

ग) उपयोग की गई राशि का विवरण इस प्रकार है:

क्र0 सं0	केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई राशि	राज्य सरकार द्वारा जारी की गई राशि	कुल प्राप्त राशि	खर्च की गई राशि	बकाया राशि
	फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड (वित्तीय वर्ष 2015-2024) (₹ करोड़ में)				
1.	416.50	416.50	833.00	822.84	10.16
	करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड (वित्तीय वर्ष 2015-2024) (₹ करोड़ में)				
2.	379.75	379.75	759.50	737.44	22.06